दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 112 मुरादाबाद, 10 August 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## आज भारत एक स्वर में कह रहा... Quit India Movement को याद करते हुए PM Modi का विपक्षी दलों पर प्रहार.



भारत छोड़ो आंदोलन को याद करते हुए पीएम मोदी ने एक ट्वीट किया है। भारत की आजादी के लिए 9 अगस्त 1942 का दिन काफी महत्वपूर्ण है। गांधी जी के आह्वान पर देशभर में भारत छोड़ो आंदोलन का बिगुल बज गया था। इस आंदोलन में हर उम्र वर्ग के लोग शामिल हुए। इस आंदोलन में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।पीएम मोदी ने भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लेने वाले वीरों को किया याद

### गांधी जी के आह्वान पर देशभर में भारत छोड़ो आंदोलन का बिगुल बज गया था

इस आंदोलन ने ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिलाकर रख दी थींपीएम मोदी ने भारत छोड़ो आंदोलन (Quit India Movement) में हिस्सा लेने वाले वीरों को याद किया है। भारत छोड़ो आंदोलन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एक ट्वीट किया है।ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा,भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले महान लोगों को श्रद्धांजलि। गांधी जी के नेतृत्व में इस आंदोलन ने भारत को औपनिवेशिक शासन से मुक्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाई। आज भारत एक स्वर में कह रहा है-भ्रष्टाचार भारत छोड़ो। राजवंश भारत छोड़ो। तुष्टीकरण भारत छोड़ो।

### वंशवाद के जरिए विपक्ष को घेरा

वंशवाद भारत छोड़ो नारे के जरिए पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा है। दरअसल भारतीय जनता पार्टी हमेशा विपक्षी दलों पर वंशवाद का आरोप लगाती है। पीएम मोदी ने कई बार अपने चुनावी रैलियों में देश की जनता को भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले दलों से दूरियां बनाने की बात कही है।

### आंदोलन ने हिला दी थी ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें

भारत की आजादी के लिए 9 अगस्त 1942 का दिन काफी महत्वपूर्ण है। गांधी जी के आह्वान पर देशभर में भारत छोड़ो आंदोलन का बिगुल बज गया था। इस आंदोलन में हर उम्र वर्ग के लोग शामिल हुए। इस आंदोलन में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। भारत छोड़ो आंदोलन को अगस्त क्रांति के नाम से भी जाना जाता है। इस आंदोलन ने ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिलाकर रख दी थीं।

## राहुल गांधी ने सदन में दिया फ्लाइंग किस, स्मृति ईरानी का आरोप; BJP महिला सांसदों ने की स्पीकर से शिकायत



ऑनलाइन डेस्क। लोकसभा में आज( 9 अगस्त ) लगातार दूसरे दिन अविश्वास प्रस्ताव पर बहस हो रही। संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अविश्वास प्रस्ताव पर अपनी बात रखी। राहुल गांधी ने मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर भाजपा पर जमकर निशाना साधा। भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि जब कांग्रेस भाषण खत्म करने के बाद सदन से बाहर जा रहे थे तो उन्होंने अभद्रता का परिचय दिया। स्मृति ईरानी का राहुल गांधी पर आरोप है कि वो जब सदन से बाहर जा रहे थे तो उन्होंने सदन में फ्लाइंग किस की। राहुल गांधी ने संसद में मौजूद महिला सदस्यों का अपमान किया। उनका भाषण भले ही छोटा था, लेकिन उन्होंने कई ऐसी बातें कहीं, जिस पर भाजपा सांसदों ने आपत्ति जाहिर की। उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने मणिपुर में भारत माता की हत्या की है। इन्होंने मणिपुर में हिंदुस्तान को मारा है। हिंदुस्तान का मणिपुर में कत्ल किया है, मर्डर किया है।

### राहुल गांधी ने सदन में की अभद्रता- स्मृति ईरानी

इसी बीच भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि जब कांग्रेस भाषण खत्म करने के बाद सदन से बाहर जा रहे थे तो उन्होंने अभद्रता का परिचय दिया। स्मृति ईरानी का राहुल गांधी पर आरोप है कि वो जब सदन से बाहर जा रहे थे तो उन्होंने सदन में फ्लाइंग किस की। राहुल गांधी ने संसद में मौजूद महिला सदस्यों का अपमान किया।वहीं, भाजपा सांसद शोभा करंदलाजे ने राहुल गांधी के खिलाफ सदन में अभद्रता करने का आरोप लगाया। उन्होंने सदन से रहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज की। इसके अलावा, बीजेपी की महिला सांसदों ने राहुल गांधी द्वारा सदन में अभद्र आचरण करने का आरोप लगाते हुए संसद के अध्यक्ष ओम बिरला को चिट्ठी लिखी है। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद शोभा करंदलाजे ने कहा, सदन से सभी महिला सदस्यों को फ्लाइंग किस देकर राहुल गांधी बाहर चले गए। यह संसद के एक सदस्य का दुर्व्यवहार है। यह एक सदस्य का अनुचित और अशोभनीय व्यवहार है। उन्होंने आगे कहा, वरिष्ठ सदस्य बता रहे हैं कि यह भारत की संसद के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ...यह कैसा व्यवहार है? वह किस तरह के नेता हैं? इसलिए, हमने इसकी सीसीटीवी फुटेज लेने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्पीकर से शिकायत की है। अमित मालविया ने राहुल गांधी पर साधा निशाना - भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालविया ने इस मामले पर ट्वीट किया। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मालवीय ने एक वीडियो क्लीप शेयर की। उन्हेंने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा,फ्र संसद में लफ़ंगई करते राहुल गांधीज् शर्मनाक।

### जब पीएम मोदी को लगाया गले

मोदी कार्यकाल के पहले साल में भी एनडीए के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।
पिछली बार भी राहुल गांधी ने भाषण देने के बाद कुछ ऐसा किया, जिसके बाद वो विवादों में घिर गए थे। दरअसल, साल 2018 में अविश्वास प्रस्ताव के दौरान भाषण देने के बाद वो अपने सीट से उठे और सीधे पीएम मोदी की ओर चल पड़े। पीएम मोदी को उन्होंने उठने के लिए कहा और जब पीएम मोदी उठे तो राहुल ने उन्हें गले लगा लिया था

## मायावती ने यूपी के लिए जातीय जनगणना का किया समर्थन, अखिलेश के हर कदम का कर रहीं काउंटर



मायावती ने जातिगत जनगणना को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर बड़ा सियासी हमला बोला है। मायावती ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि जब बिहार में जातिगत जनगणना को हाईकोर्ट की ओर से वैध करार दिया जा चुका है तो अब उत्तर प्रदेश समेत समूचे देश में जातीय जनगणना होनी चाहिए।बसपा सुप्रीमो मायावती ने जातिगत जनगणना के माध्यम से एक बार फिर से अखिलेश यादव के उठाए जाने वाले फायदे के सियासी मुद्दे पर बड़ा दांव चला है। मायावती ने तो बाकायदा उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में जाति की जनगणना कराए जाने का समर्थन करते हुए न सिर्फ भारतीय जनता पार्टी को घेरा है बल्कि समाजवादी पार्टी की ओर से बिछाई जा रही सियासी चौसर में अपना भी दांव फिट कर दिया है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मायावती के जातिगत जनगणना के समर्थन से पिछड़ों और अतिपिछड़ों में एक संदेश देने की कोशिश की जा रही है। ताकि वह अपने कोर वोट बैंक के साथ इस समुदाय को भी जोड़ कर सियासत की राह में बड़ी बिसात बिछा सकें। मायावती ने जातिगत जनगणना को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर बड़ा सियासी हमला बोला है। मायावती ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि जब बिहार में जातिगत जनगणना को हाईकोर्ट की ओर से वैध करार दिया जा चुका है तो अब उत्तर प्रदेश समेत समूचे देश में जातीय जनगणना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना के माध्यम से समाज के निचले और पिछले तबके के लोगों का सही आकलन हो सकेगा और उनको आगे बढ़ने के लिए सही योजनाएं मिल सकेंगी। राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार हरदीप सिंह कहते हैं कि मायावती ने जातीय जनगणना का समर्थन करके एक बार फिर उन लोगों को अपने साथ साधने की कोशिश की है जो मायावती के कोर वोट बैंक के साथ मिलकर बसपा के जनाधार को बढ़ाते हैं। हरदीप सिंह कहते हैं की यह और महत्वपूर्ण इसलिए हो जाता है क्योंकि समाजवादी पार्टी लगातार जातीय जनगणना का समर्थन करती आई है। वह कहते हैं कि मायावती को इस बात का अंदेशा बना रहता है कि कहीं जातीय जनगणना के मामले में समाजवादी पार्टी उनसे चार कदम आगे निकलकर उनके कोर वोट बैंक में बड़ी सेंधमारी न कर दे। इसीलिए सियासत में मायावती का जातीय जनगणना का समर्थन राजनीतिक रूप से बड़ा महत्वपूर्ण हो जाता है।

बहुजन समाज पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी ने जिस तरीके से पिछड़ों और अति पिछड़ों समेत दलितों के साथ मुस्लिम समुदाय को लेकर बड़ी रणनीति बनाई है वह गेम चेंजर साबित हो सकती है। उनका कहना है कि यही वजह है कि मायावती ने किसी भी राजनीतिक दल के साथ सीधे तौर पर कोई भी गठबंधन करने से मना कर दिया है। सके वोट बैंक में सपा सेंधमारी न कर ले, इसलिए मायावती ने आक्रामक होकर जाति जनगणना की बात की है, बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता कहते हैं कि अखिलेश यादव के पास अब अपना कोई वोट बैंक नहीं है। उनका दावा है कि 2019 के लोकसभा चुनावों में उनके खिसके हुए जनाधार और वोट प्रतिशत बताते हैं कि उनकी पार्टी इस वक्त कहां खड़ी है और उनके साथ जुड़े हुए लोग भी इस वक्त उनके साथ नहीं है। राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि जातिगत जनगणना से बहुजन समाज पार्टी एक नैरेटिव जरूर सेट करना चाह रही है। खासतौर से पिछड़ों और अति पिछड़ों में बहुजन समाज पार्टी या संदेश देने की कोशिश कर रही है कि उनकी पार्टी उनके साथ खड़ी है। सियासी जानकारों का मानना है कि जातिगत जनगणना के राजनीतिक मायने तो है ही। वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक जटाशंकर सिंह कहते हैं कि बिहार में आरजेडी जेडीयू लोकसभा चुनावों से पहले जातिगत जनगणना कर वहां के सभी सियासी समीकरणों को अपने पक्ष में लाने की तैयारी कर रही है। जातीय जनगणना को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता भी मानते हैं कि ऐसा करने से कई तरह के सियासी समीकरण तो साधे ही जा सकेंगे। जटाशंकर सिंह कहते हैं कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दल ओबीसी वोटो को अपने पक्ष में करने के लिए वह सभी जतन कर रहे हैं। जिससे कि उनको सियासी लाभ मिल सके। इस कड़ी में जातीय जनगणना एक महत्वपूर्ण पक्ष बनकर सामने आ रहा है। वह मानते हैं कि बीते कुछ समय से जिस तरह से जातीय जनगणना को लेकर देश के अलग-अलग राज्यों में विपक्ष के सियासी दल मुखर होकर इसकी मांग कर रहे हैं वह भारतीय जनता पार्टी को कहीं ना कहीं असहज भी कर रहा है।

## मुख्यमंत्री योगी ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान का किया शुभारंभ, काकोरी के शहीदों को किया नमन



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के काकोरी में मेरी माटी मेरा संकल्प अभियान का शुभारंभ कर लोगों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की है।आप जिस क्षेत्र में है उसमें बेहतर करें, अपने कर्तव्यों का सही से निर्वहन करें। यही नागरिक कर्तव्य है यही सच्ची राष्ट्र भक्ति है। विभाजन की त्रासदी का स्मरण करें और संकल्प ले कि हम फिर से विभाजन नहीं होने देंगे। यही शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिस ब्रिटेन ने हम पर 200 वर्षों तक राज किया उसको हराकर आज भारत विश्व में पांचवीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर कही।मुख्यमंत्री योगी ने इस अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कार्यक्रम में आये सभी लोगों से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताए गए पंच प्रण को लेकर अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेने को कहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर काकोरी शहीद स्मारक पहुंच कर शहीद मंदिर में स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यर्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने आह्वान किया कि कार्यक्रम से जुड़े लोग अपनी जगह पर खड़े होकर अपनी माटी को नमन करें , सेल्फी लें और उसे अपलोड करें। उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बताए गए पंच प्रण की शपथ कार्यक्रम में आये लोगों को दिलाई । उन्होंने कहा कि आज ही भारत छोड़ो आंदोलन की भी वर्षगांठ है साथ ही अन्य ऐतिहासिक घटनाओं के लिए आज के दिन का स्मरण किया जाता है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़कर मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरुआत हो रही है। सीमा पर व आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने वाले शहीदों का नमन है। आजादी के महोत्सव ने एक ऐसे भारत का दर्शन कराया है जहां किसी के साथ भेदभाव नहीं है। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रत्येक भारतीय के पास अवलोकन करने का अवसर है। आगामी 25 वर्षो के अमृत काल से जुड़ने का भी अवसर है। जिस स्थल पर शहीदों ने काकोरी ट्रेन एक्शन को अंजाम दिया उसी स्थल से मेरी माटी मेरा देश अभियान को शुरू करने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन में कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन में शहीदों ने करीब चार हजार रुपये लूटे थे। उन शहीदों की गिरफ्तारी के लिए ब्रिटिश सरकार ने 10 लाख रुपये खर्च किये थे। अगर लड़ने का जज्बा हो तो बड़ी से बड़ी ताकत को हिलाया जा सकता है। आज भारत शक्तिशाली देशों के समूह जी -20 की अध्यक्षता कर रहा है। आज भारत आत्मनिर्भर है। विश्व को मानवता का पाठ पढ़ाने वाला भारत है। आगामी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अनेक कार्यक्रम होंगे। अनगिनत क्रांतिकारी बलिदान हुए उसी तिरंगे को हर घर फहराना है।

## संपादकीय Editorial

### Anti-India Chinese agenda

If someone is anti-India, involved in campaigns to divide the country and wage a 'smokeless war' against the country, then he is undoubtedly a 'traitor'. A case should be filed against him under UAPA, sedition law and other sections. If any country has an agenda against India and is hatching propaganda conspiracies, then criminal cases should also be initiated against its indigenous brokers and traitors. America's famous newspaper 'New York Times' has exposed China's plans with some evidence and references. This newspaper is not even a sympathizer of India. A lot has been published against our country, but now the article exposing China and the findings of the Enforcement Directorate (ED) raid have many similarities, so China's agenda is a matter of concern for us. Although the ED raided the alleged media website 'News Click' in February 2021. The raids went on continuously for 5 days and 10 locations of the company were raided, in which funding of more than Rs 38 crores was revealed. Some of the money came through foreign direct investment and most was sent through hawala. Prabir Purkayastha, the founder and editor of the website, was also questioned for about 11 hours. Then the Left parties and parties like the Congress defended the media company and termed the ED's action as an attack on free media and freedom of expression.

Now the article of 'New York Times' has revealed that the Communist Party of China through American industrialist Neville Roy Singham, not only the media company of India, but Maoist Gautam Navlakha, Bappaditya Sinha of CPM's IT Cell, Teesta Setalvad, her husband and Funding has also been provided to children and many such independent journalists. Some journalists have also been arrested on charges of espionage. Navlakha is still in jail in the Bhima Koregaon riot case. The article published in the newspaper has revealed that China has also been funding African political parties, non-profit organizations and alleged journalists from third world countries. American Neville Roy is originally from Sri Lanka and currently lives in Shanghai city of China. He is considered an intimate part of the propaganda machinery of the Communist Party of China. He likes to call himself a 'communist'. China's funding has been done through some US companies and a Brazilian company, which has been shown as foreign investment in 'News Click'. Neville Roy is the kingpin of this nefarious network. After all these revelations were published in 'New York Times', BJP's Lok Sabha MP Nishikant Dubey raised this issue in the House and urged the government to investigate. Information and Broadcasting Minister Anurag Thakur once again opened up the old issues like the alleged collusion between the Communist Party of China and the Congress and Chinese donations to the Rajiv Gandhi Foundation.

In fact, China has been doing this illegal funding to run its campaign of propaganda and wide coverage of Chinese agenda. It is also being told that 'News Click' is a weapon of the Communist Party of China. China is basically our enemy country, of course it is our compulsion to do business worth lakhs of crores of rupees with it. If the country's media starts becoming 'sellable' like this and starts praising China, then the public's trust will also rise and the country will also be weak. Instead of protesting nationwide against this nefarious funding, we will be engaged in the debate that how much land has been occupied by China, what happened in Ladakh and Galwan, China beat up our soldiers, so this is the propaganda China wants. This is how China wants to divide India. Wants to defame India globally. So punish the 'black sheep' and give a befitting reply to China's conspiracy.

# Quit India Movement: Yusuf Mehar Ali, who gave name to the August revolution, remained anonymous

This movement, which agitated the whole of India for independence, is also called the August Revolution. Very few people would know or remember that it was not Gandhiji who coined the words "Quit India" but the then Mayor of Bombay, Yusuf Mehar Ali. This Meher Ali was also the one who gave the slogan "Simon Commission Go Back". The whole world knows that the last and decisive movement against the British Empire, which ruled India for almost two centuries, was "Quit India" or "Quit". India'. This movement, which agitated the whole of India for independence, is also called the August Revolution. As a result of the consciousness generated by this movement, the Nocena rebellion took place in 1946, which caused further damage to the British rule in India. In fact, as a result of this movement and some other activities, the public opinion in America and England was so much in favor of India after the war. It became more that Britain was forced to leave India.

The one who gave the name to this movement was definitely Mahatma Gandhi. But very few people would know or remember that it was not Gandhiji who coined the words "Quit India" but the then Mayor of Bombay, Yusuf Mehar Ali. This Meher Ali was also the one who gave the slogan "Simon Commission Go Back". Naming of the Quit India Movement-G. Quoting Shanti Kumar Morarji in his book "Gandhi and Bombay", Gopalaswami writes -

"Gandhi discussed with his associates in Bombay what would be the best slogan for independence." Someone said "get out" (go away) but Gandhi believed it was not polite. Chakravarti Rajagopalachari suggested "Retreat" and "Withdraw" but Gandhiji did not agree to this either. Then Yusuf Mehar Ali presented a bow to Gandhiji on which "Quit India" was inscribed. Gandhi said, "Amen" (so be it). And this is how the August Revolution was named. More than one lakh Indians were imprisoned - in fact, after rejecting the Crisp Commission's proposals for complete independence, on July 14, 1942, the Congress Working Committee meeting at Wardha decided that the British should immediately hand over the reins of the country to the Indians. While the Crisp Commission had not only brought a proposal to give India the status of a colony and arbitrary freedom to the princely states. Within a month of this decision of complete independence of Congress i.e. on 7th August Congress Working Committee meeting was held in Mumbai and Quit India resolution was announced in historic meeting held at Gowalia Tank Maidan on 8th August. The next day the leaders of the first line of leadership including all the four big leaders, Gandhi, Nehru, Patel and Azad were arrested. Not only this, the All India Congress and 4 Provincial Congress Committees were declared illegal under the Criminal Law Amendment Act 1908. Gatherings were banned under Defense of India Rule 56. After this the whole country got worried.

Due to the Congress leaders being in jail, the socialists and the youth further incited the movement. While Mohammad Ali Jinnah and Damodar Savarkar did not support the movement. Shyama Prasad Mukherjee even wrote a letter to the Governor of Bengal John Herbert to suppress the movement harshly. In this movement, more than 1 lakh Indians were arrested and imprisoned and hundreds sacrificed their lives. Ali also gave the slogan "Simon Commission Go Back" - not only Quit India, but also the name of the campaign started by the All India Congress Committee to oppose the Simon Commission, "Simon Commission Go Back". Mehar Ali had suggested it. In fact, the Congress had decided to boycott the Simon Commission in December 1927. During this movement, Lala Lajpat Rai was martyred during the barbaric lathi charge in Lahore on 30 October 1928. With the death of Lala ji, a wave of anger against this repression ran across the country. It was only after this that Yusuf Meher Ali was jailed for the first time, which was the beginning of a series of his jail terms. After this, he contributed to the Dandi March, which irritated the British government so much that he was not only sent to jail, but was also stripped of his right to advocate.

Yusuf Mehar Ali was one of the prominent leaders of the freedom movement - Even though today Yusuf Mehar Ali has gone into oblivion, he was one of the main freedom fighters of India. Mehr Ali will be remembered in history as a dedicated freedom fighter, a socialist leader and a champion of workers' rights and social justice. His legacy continues to inspire individuals who are dedicated to working for a just and equitable society. Meher Ali continued to work for social and political causes even after India gained independence in 1947. In fact, Yusuf Meher Ali was a socialist-minded politician and freedom fighter. He was elected Mayor of Bombay in 1942 while he was imprisoned in Yerwada Central Jail as a freedom fighter. He was the founder of the National Militia, the Bombay Youth League and the Congress Socialist Party, and played a role in several peasant and trade union movements. Mehar Ali was inclined towards promoting the interests of laborers and farmers in the society, that is why in 1934, along with Jayaprakash Narayan, Meenu Masani, etc., he founded the Congress Socialist Party. Yusuf Ali was also committed to socialist ideals.

Yousuf Meherali was born on 23 September 1903 in Bombay (now Mumbai). He came from an affluent background. Contrary to the views of his businessman father, he was strongly opposed to the British rule. He received his education from Calcutta and Mumbai. Yusuf passed the tenth examination in 1920 and graduation in 1925. He graduated in law from Wilson College, Bombay. Meher Ali was greatly influenced by Mahatma Gandhi's philosophy of non-violent resistance and social equality. Along with his dedication to the freedom movement, Mehr Ali was also committed to socialist ideals. He believed in economic equality and worked to address issues faced by the working class and marginalized communities. He was associated with the Indian National Trade Union Congress (INTUC) and advocated for the rights of workers. Unfortunately, he passed away on May 31, 1950 at the age of 47.

# We made many friends through Facebook and WhatsApp

As we move forward, our special days are also increasing. Sometimes Father's Day, Mother's Day, Children's Day, which according to our Indian culture, every day is our parents' day, children's day. As we move forward, our special days are also increasing. Sometimes Father's Day, Mother's Day, Children's Day, which according to our Indian culture, every day is our parents' day, children's day. These are the days created by the British, those who do not remain united, then they fix a time to meet once in a year, then it becomes a special Mother-Father's Day. Come on, now we Indians have also started celebrating these days and there is no harm in it. Because we have everyday but we give more importance to one day considering it special. By giving cakes, flowers, cards, we also connect western civilization with our Indian culture. August 6 was such a Friendship Day. Many messages started on WhatsApp from 12 o'clock in the night. Then went on for the whole day. It was a beautiful message. Everyone was in their own style. Many of our members also sent. The biggest thing was that many members said that we were engaged in children all our life. We not only made our friends but Senior Citizen Kesari Club made us many friends and now we have made many friends through Facebook and WhatsApp and all of us are connected with many friends through Facebook and WhatsApp and we have a very good Time passes. Sentence I have learned from my life experience that having friends is very important in life, because having good relatives or not is luck and you have to bear them as they are. Friends are your favourite, and some friends are such that they are ahead of relatives and even more than blood relations. By the way, the biggest relation is that of parents, which has no comparison and then brother-sister, then friends come. Then relatives come. If you have even one true friend in your life, then you are very lucky. I am often told by our members that we have not found any true friends, so I often say that we have to make friends, not meet them. For a good friendship, you should also have the ability to ignore some of his things. Others become many friends on Facebook, Instagram, WhatsApp, who keep you happy by giving compliments and comments. You think they are fake. Yes, they are thrown but they do not cause any harm and your heart remains attached to them. One thing must be kept in mind in friendship that if he is in happiness, we may not meet him, but if he is in any sorrow, then he must meet her. Listen my friend. We will not leave this friendship, we will not leave your company. You have given me so many good friends in my life. If I sit down to write, even the whole newspaper is less. Even many branch heads are very dear friends of mine. Now your branches are going to open. I know you all are waiting to share happiness with your friends who are waiting to meet the members of Senior Citizen Kesari Club. Sometimes you will celebrate your birthday, sometimes you will celebrate your wedding anniversary, sometimes you will participate in the club function. Wow! What is the matter. Let's all meet our friends and forget the sorrows of life and celebrate happiness. Learn to live a little for yourself too. From today till August 15, send videos of patriotic songs, your video should not be more than 2 minutes. upload your video to facebook

## मुरादाबाद दंगा: भीड़ ने पापा को साइकिल से उतारा और कर दिए थे चाकू से 32 वार, बताते हुए फफक पड़े परिजन



मुरादाबाद के गलशहीद के भूड़े का चौराहा वाल्मीकि बस्ती निवासी नंदकिशोर ने बताया कि दंगे से कुछ दिन पहले ही दो समुदायों में टकराव शुरू हो गया था। 24 जुलाई 1980 को गलशहीद क्षेत्र में कुंदरकी के हाथीपुर गांव से बरात आई हुई थी। धर्मस्थल के सामने कुछ लोगों ने ढोल बजाने का विरोध किया था। इसके बाद दोनों समुदाय में टकराव हो गया था। नागफनी के दौलत निवासी इंद्र दास ने दंगे का दर्द बयां किया तो उनकी आंखों से आंसू छलक आए। आंसू पोछते हुए बोले, उस मंजर को कैसे भूल सकते हैं। दंगे ने मैंने अपना भाई प्रेम शंकर उर्फ डीजल को खो दिया था। इसी दौरान मैं अपने पापा बनवारी के साथ साइकिल से इंदिरा चौक जा रहा था। रास्ते में भीड़ ने हमें घेर लिया। मैं साइकिल पर डंडे पर बैठा हुआ था। लोगों ने बाइक से साइकिल रुकवा और उन्हें नीचे उतारकर चाकू से 32 वार किए थे। मैं किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा और घर आकर परिजनों को जानकारी दी थी। पिता को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद 13 अगस्त 1980 को दंगा हुआ था। मार्च 1981 को मेरे पिता की मौत हो गई थी। आज भी मैं उस मंजर को नहीं भूल पाया हूं। मैंने, मेरी बहन संतोष और भाई रोहित ने बहुत संघर्ष किया है। दंगे में मैंने अपना भाई खोया, आज तक ताजा हैं जख्म नागफनी के दौलत निवासी इंद्र दास ने दंगे का दर्द बयां किया तो उनकी आंखों से आंसू छलक आए। आंसू पोछते हुए बोले, उस मंजर को कैसे भूल सकते हैं। दंगे ने मैंने अपना भाई प्रेम शंकर उर्फ डीजल को खो दिया था। उस वक्त हमारा परिवार भूड़े के चौराहे पर रहता था। हमारा भाई प्रेम शंकर दुकान से दूध लेने निकला था। रास्ते में भीड़ ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया था। इस हमले में प्रेम शंकर की मौत हो गई थी। इसके बाद हमारा परिवार भूड़े के चौराहे से दौलत बाग आ गया था।

### पिता जी को ढूंढने अस्पताल पहुंचा तो लाश ही लाश थे

मुरादाबाद के ईदगाह दंगे के गवाह रहे नगर निगम कर्मचारी संघ के पूर्व महामंत्री सुभाष गुप्ता बताते हैं कि 13 अगस्त 1980 को ईदगाह के मेन गेट के सामने ही नगर निगम निगम की ओर से कैंप लगाया गया था। इस कैंप में मैं भी मौजूद था। नमाज के बाद एचएसबी इंटर कॉलेज की ओर से आवाज आई कि जानवर घुस आया और लोगों के कपड़े खराब हो गए। इसके बाद लोग भड़क गए। अभी हम लोग कुछ समझ पाते कि पत्थर चलने लगे थे। गोलियों की आवाज आने लगीं। किसी तरह मैं वहां से निकलकर घर पहुंचा। घरवालों ने बताया कि पिता जी अभी घर नहीं आए हैं। इसके बाद मैं स्कूटर लेकर उन्हें ढूंढने निकला।उस वक्त सरकारी अस्पताल टाउनहॉल के पास था। जहां लाशें ही लाशें थीं। बच्चों के शव कुचले हुए थे। डरते-डरते लाशों के बीच मैं पिता जी को तलाशता रहा। लेकिन वह नहीं मिले। किसी तरह हिम्मत करके ईदगाह की ओर बढ़ा। लेकिन पुलिस ने आगे जाने से रोक लिया। रात दस बजे किसी तरह पिता जी घर पहुंचे। वह बदहवास थे। दूसरे दिन वह कुछ बोलने की स्थिति हुए तो उन्होंने बताया कि ईदगाह के पास एक घर में जनता सेवक समाज के चार लोगों के साथ छिप किसी तरह जान बचाई थी।


## धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस रैली सभा कर वक्ताओं ने दिया सामाजिक एकता और शिक्षा को बढ़ावा देने पर करना होगा कम

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- प्रतापपुर / मिनी स्टेडियम में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर निकली सांस्कृतिक रैली के साथ सामूहिक नृत्य करते हुए समाज के लोगों ने पूरे नगर में भ्रमण किया। पारंपरिक गढ़ रहे प्रतापपुर व रमकोला के बैगाओं के द्वारा माँ समलाई वह कार्यक्रम स्थल पर धरती माता का विधिवत पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में प्रतापपुर ब्लाक के हर पंचायत के हजारों लोगों की उपस्थिति रही। सभी राजनीतिक दलों के जन प्रतिनिधियों ने सामूहिक करमा नृत्य कर दिया एकता पर जोर प्रतापपुर में विश्व आदिवासी दिवस पर विशाल रैली के साथ नारेबाजी करते हुए समाज के लोग बस स्टैंड स्थित मिनी स्टेडियम ग्राउंड में पहुंचे। इस दौरान आदिवासी संस्कृति की मनमोहक छटां बिखेरते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस दौरान वहां उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक करमा नृत्य कर एकता पर बल दिया साथ मिशन स्कूल जगन्नाथपुर के छात्राओं का सामूहिक करमानृत्य मदननगर, जगन्नाथपुर के डोमकच करमा ने समाज के लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम शुरुआत के पहले कार्यक्रम में अध्यक्षता के रूप में मां महामाया शक्कर कारखाना के अध्यक्ष विद्यासागर सिंह को बनाया गया जिस पर उन्होंने कार्यक्रम की आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि आज हमारा समाज काफी आगे निकल रहा है शिक्षित समाज ही देश को तरक्की की ओर ले जाता है स्वागत भाषण जनपद पंचायत प्रतापपुर के अध्यक्ष जगत लाल आयाम ने दिया उन्होंने कहा कि हम सबको समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है आज हमारा समाज शिक्षा के वजह से ही आगे बढ़ रहा है हम सब को भी सीख लेने की आवश्यकता है आज हमारे समाज की बेटी देश की राष्ट्रपति के पद पर पहुंच चुकी है लेकिन हम आज भी बिछड़े हुए हैं ि
ंद्रिका प्रसाद आयम, देवचंदराम पंडो, संतोष मिंज, प्रतिमा सिंह मंजू संतोष मिंस अमरबहादुर आयम, शिवलाल जगते जगढ़ मॉझी, सुमेर सिंह शांडिल्य, रामप्रसाद पोया, ईश्वर नेटी, मोती चंद आयम, डॉ.महन्त लाल सोनमानी, निशा सोनपाकर, डॉ.शिवसंतोष, सहित अन्य ने विचार रखे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी किशोर केरकेटा अपने समस्त स्टाफ के साथ सक्रिय

## सपना चौधरी के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट में दाखिल की रिपोर्ट, मुरादाबाद में 6 सितंबर को सुनवाई



मुरादाबाद-हरियाणवी डांसर सपना चौधरी के मामले में पुलिस ने अदालत में रिपोर्ट दाखिल कर दी। जिस पर बहस के लिए अदालत ने 6 सितंबर लगा दी है। 11 जून 2019 को सपना चौधरी रेलवे स्टेडियम मुरादाबाद आईं थीं। कार्यक्रम में भीड़ बेकाबू हो गई थी। पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। जिसमें कई दर्शक चोटिल हो गए थे।इस मामले में शिवसेना के रामेश्वर दयाल तुरैहा ने अधिवक्ता के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय मुरादाबाद की अदालत में वाद दायर किया था। जिसकी सुनवाई एसीजेएम दो की अदालत में चल रही है। वादी के अधिवक्ता ने बताया कि अदालत ने सिविल लाइंस थाने से आख्या रिपोर्ट मांगी थी। आख्या आ गई है जिस पर 6 सितंबर को बहस की जाएगी। अदालत की अवमानना मामले में बचाव पक्ष के गवाहों को किया तलब आजम खां के ऊपर चल रहे अदालत की अवमानना के मामले में मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई की गई। किंतु न तो आजम खां के उपस्थित हुए

## सहकारी बैंक ओड़गी के शाखा प्रबंधक के स्थानांतरण पर बैंककर्मियों ने दी भावभीनी विदाई



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- ओड़गी - सूरजपुर जिले के ओड़गी इलाके में स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक प्रबंधक श्यामलाल सिंह के रामानुजनगर स्थानान्तरण पर बैंक कर्मियों ने विदाई समारोह का आयोजन कर स्थानांतरित कर्मी को भावपूर्ण विदाई दिया। विदाई समारोह के शुरुआत में सभी लोगों ने मिलकर शाखा प्रबंधक श्यामलाल सिंह को गुलदस्ते देकर व फूलमाला पहनाकर मुंह मीठा कराते हुए गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया.इस मौके पर शाखा प्रबंधक ने कहा कि सहकारी बैंक ओड़गी में यहां लगभग डेढ़ साल तक काम किया है। यहां के किसानों से मुझे बहुत ही लगाव होने लगा था। ज इस मौके पर समन्वयक युवा मितान क्लब भटगांव विधानसभा लवकेश गुर्जर, ओड़गी समिति प्रबंधक रविन्द्र गुर्जर, केसीएर कुशुम लाल यादव, आपरेटर्स विजय राजवाड़े, रामपुर प्रबंधक विभु प्रताप सिंह, कृष्णा राजवाड़े, सुजित गुप्ता, लक्ष्मण सिंह, सुरज यादव, प्रियंशु यादव,अंजुम, जयकरन, व किसान बंधु उपस्थित रहे.

## पूर्व जिला अध्यक्ष ने प्राइमरी पाठशाला का किया निरीक्षण स्कूल में बन रही नई बिल्डिंग को भी देखा



क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने प्राइमरी पाठशाला धनीपुर का निरीक्षण किया जो बिल्डिंग नई बन रही है उसको भी देखा पूरे स्कूल की समस्या देखी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष बायपास सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कक्षा एक के पढ़ने वाले छात्रों से परिचय किया सवाल भी पूछे बिल्डिंग बनाने वाले ठेकेदार से कहां के तेज गति से कार्य किया जाए बिल्डिंग जितनी जल्दी बन जाए उतना अच्छा है भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह प्राइवेट सफाई कर्मचारी से स्कूल की नाली साफ कराई स्कूल के प्रांगण में मिट्टी कार्य ना होने के कारण जल भराव मिला नगर निगम के अधिकारियों से मिलकर इस स्कूल के प्रांगण में मिट्टी कार्य कराया जाएगा इस मौके पर प्रधानाध्यापिका एवं अध्यापिका व शिक्षामित्र मिड डे मील बनाने वाली रसोइया आदि उपस्थित रहे

## सुभाषपा के प्रदेश सचिव सुभाष चंद्रा की अंतिम विदाई में पहुंचे अलीगढ़ जिला अध्यक्ष अमित जादौन समेत तमाम नेता

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की पूर्व में आगरा जिले के रहे जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान प्रदेश सचिव सुभाष चंद्रा जी का अचानक निधन हो जाने से सभी पार्टी कार्यकर्ताओं की आत्मा बड़ी दुखद हुई जिनका निधन 8/8/2023 को समय 7-00 वेस्ट अर्जुन नगर हाउस आगरा में अचानक हो गया जिनके पार्थिव शरीर को अलीगढ़ की पैतृक भूमि खैर रोड अमरपुर ग्राम जन्मस्थली पर लाया गया जिनकी अंतिम विदाई के लिए अलीगढ़ जिला अध्यक्ष अमित जादौन निवासी नगला तुलाराम व पंकज शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी अलीगढ़ मंडल कोऑर्डिनेटर निवासी ग्राम अकोला खैर व महावीर प्रसाद गोला पश्चिम उत्तर प्रदेश सचिव व अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शकील अल्वी निवासी ज़ाकिर नगर किसान जिला अध्यक्ष किशन सिंह निवासी हैदर नगर महानगर अध्यक्ष सोनू जादौन निवासी नगला रानी किसान मोर्चा संगठन मंत्री रमन चौधरी व कोल विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र कुमार महानगर महासचिव सोमनाथ शर्मा प्रेम प्रताप सचिन यादव मनजीत चौधरी अतुल शर्मा अनोखे लाल प्रधान कृष्णा सिंह समेत श्रद्धांजलि स्थल अमरपुर जन्मस्थली सुभाष चंद्रा जी को अंतिम दर्शन कर अंतिम विदाई दी और उनके परिवार को अपार दुख सहने की परमपिता परमात्मा शक्ति प्रदान करें और दिव्याग आत्मा को शांति प्रदान करें सोहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के बड़े कर्मठ जुझारू व खो दिया ह

## पीडीएस संचालकों द्वारा हड़ताल पर चले जाने के कारण ग्रामीण भूखे रहने पर हो रहे हैं मजबूर

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल




सूरजपुर-जिले के दूरस्थ क्षेत्र बिहारपुर के कई ग्राम पंचायत के इन दिनों पीडीएस संचालकों द्वारा हड़ताल पर चले जाने के कारण ग्रामीण भूखे रहने पर मजबूर हो रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि बिहारपुर क्षेत्र आदिवासी इलाके में आता है और बहुत ग्रामीण पीडीएस चावल पर निर्भर रहते हैं

और इस बार टाइम पर चावल ना मिलने के कारण दर-दर भटक रहे हैं एवं व्यापारियों से 25 रुपए चावल खरीदने पर मजबूर हो रहे हैं ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग किया है कि विकल्पीय व्यवस्था करके तत्काल ग्रामीणों को चावल वितरण किया जाए ताकि महंगाई एवं भुखमरी से बचा जा सके वहीं पीडीएस संचालकों से बात करने पर उन्होंने कहा कि अभी हड़ताल चल रहा है जब हड़ताल समाप्त होगा तभी चावल वितरण किया जाएगा।

## सीटी यूनिवर्सिटी में पंजाब के पहले एवन साइकिल हब का उद्घाटन: सतत परिवहन और सामुदायिक कल्याण की जीत

क्यूँ न लिखूँ सच
सत पाल सोनी




लुधियाना – सीटी यूनिवर्सिटी ने एवन साइकिल्स के सहयोग से पंजाब के पहले एवन साइकिल हब का गौरवपूर्वक उद्घाटन किया। इसने समुदाय के भीतर स्थायी परिवहन और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। एवन साइकिल हब सीटी यूनिवर्सिटी और एवन साइकिल के संयुक्त प्रयासों के प्रमाण के रूप में खड़ा है, जो एक हरित, अधिक टिकाऊ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए उनके समर्पण का प्रतीक है। इस पहल का उद्देश्य साइकिल चलाने के शौकीनों और पर्यावरण समर्थकों का एक जीवंत समुदाय स्थापित करना है जो टिकाऊ प्रथाओं के प्रति समान प्रतिबद्धता साझा करते हैं। प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई, जिनमें सुखविंदर सिंह बिंद्रा, पूर्व अध्यक्ष, पंजाब युवा विकास बोर्ड, सरकार, पंजाब के, मनदीप पाहवा, कार्यकारी निदेशक, एवन साइकिल्स, जतिंदर सिंह, एंडिको पावर टूल्स के निदेशक, अंग दान जागरूकता के लिए वकील, सुश्री मेघा जैन, साइकिल पर केवल 7 दिनों में 1500 किमी की दूरी तय करने वाली पहली एशियाई महिला, सतविंदर सिंह, साइक्लिंग कोच, खेल विभाग, पंजाब सरकार के जीडी कपूर, कार्यकारी अध्यक्ष, एवन साइकिल, अमन पाठक, वरिष्ठ महाप्रबंधक - बिक्री एवं विपणन, एवन साइकिल शामिल हैं । चांसलर चरणजीत सिंह चन्नी ने टिप्पणी की, पंजाब के पहले एवन साइकिल हब का उद्घाटन टिकाऊ जीवन की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा में एक उल्लेखनीय कदम है। यह पहल न केवल स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करती है बल्कि स्वच्छ पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।卐 इस केंद्र को हर किसी को साइकिल चलाने और हरित दुनिया में योगदान देने के लिए प्रेरित करने वाला एक मार्गदर्शक बनना चाहिए।%% इस कार्यक्रम में चांसलर चरणजीत सिंह चन्नी, प्रो चांसलर डॉ. मनबीर सिंह, प्रो वाइस चांसलर डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, रजिस्ट्रार सरबप्रीत सिंह, डीन अकादमिक डॉ. अवधेश गुप्ता, निदेशक योजना और विकास डॉ. अति प्रिये, उप निदेशक उपस्थित थे। , छात्र कल्याण विभाग के दविंदर सिंह, स्कूलों के प्रमुख और सीटी विश्वविद्यालय के छात्र उपस्थित थे।

## महाराष्ट्र सरकार तख्त श्री हजूर साहिब में गैर-सिक्ख को प्रशासक नियुक्त करने वाले अपने फ़ैसले को वापस ले-गरचा

क्यूँ न लिखूँ सच
सत पाल सोनी



लुधियाना – महाराष्ट्र सरकार द्वारा तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब में एक गैर-सिक्ख को प्रशासक नियुक्त करने के फैसले का पूरा सिख पंथ लगातार विरोध कर रहा है और सिक्ख इस बात पर कड़ी आपत्ति जता रहे हैं कि एक गैर-सिक्ख जिसे किसी मर्यादा का नहीं पता को कैसे महान तख्त साहिब के प्रशासक के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। इस मामले पर शिरोमणि अकाली दल की पीएसी के सदस्य सुखविंदरपाल सिंह गरचा ने बातचीत करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार के गलत फैसले से पूरे सिख समुदाय में विरोध की भारी लहर है, सिख समुदाय कभी भी किसी गैर-सिक्ख व्यक्ति की नियुक्ति को स्वीकार नहीं करेगा। तख्त साहिब के प्रशासक को लेकर अगर महाराष्ट्र सरकार ने अपना फैसला तुरंत वापस नहीं लिया तो आने वाले दिनों में सिक्ख समुदाय में गुस्सा बढ़ेगा। वरिष्ठ अकाली नेता सुखविंदरपाल सिंह गरचा ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को सिक्ख संगत की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए तख्त साहिब के प्रशासक के रूप में एक सिक्ख व्यक्ति को नियुक्त करना चाहिए।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# जलेसर के घुंघरू घंटी कारोबार को एक विशेष पहचान मिली

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-जलेसर के घुंघरू घंटी कारोबार को एक विशेष पहचान मिल गई। इस कारोबार को जीआई टैग मिला है। इससे यहां के कारोबारियों में खुशी है। इस पहचान के लिए यह काफी समय से लड़ाई लड़ रहे थे। कारोबार में तेजी से रफ्तार आने की संभावना है। डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने बताया कि जीआई विशेषज्ञ एवं पद्मश्री सम्मानित डॉ. रजनीकान्त की ओर से नाबार्ड उप्र एवं जिला उद्योग केन्द्र, राज्य सरकार के



सहयोग से उत्तर प्रदेश के जलेसर मेटल क्राफ्ट (जीआई पंजीकरण संख्या-722), उत्पाद को अब जीआई टैग का दर्जा प्राप्त हुआ है। इंडस्ट्रियल एंड जनरल डेवलपमेंट एसोसिएशन ने दिसम्बर, 2020 में आवेदन किया था। एक लंबी कानूनी प्रक्रिया के उपरांत इसे अब जीआई टैग प्राप्त हो गया। इससे एटा जनपद के जलेसर में रहने वाले सभी शिल्पी, टेडर्स, मैन्यूफैक्चरर्स, निर्यातक इससे लाभान्वित होंगे। अब तक एटा के अतिरिक्त इस उत्पाद को जनपद से बाहर कहीं भी नहीं बनाया जा सकता है और ना ही जीआई टैग के साथ बेचा जा सकता है। यह कानूनी अधिकार सिर्फ जलेसर, एटा जनपद के शिल्पियों को ही प्राप्त हो गया। जलेसर का घुघरू-घंटी एवं अन्य धातुशिल्प को अब जीआई टैग के साथ देश के बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) में शामिल हो गया। प्रदेश का यह 54वां उत्पाद है, जिसे जीआई टैग हासिल हुआ है।

# पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को अमृत काल के पंचप्रण की दिलाई गई शपथ

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- एटा- 'मेरी माटी मेरा देश' एवं 'हर घर तिरंगा' अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा पुलिस ऑफिस कार्यालय पर पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को अमृत काल के पंचप्रण की दिलाई गई शपथ।

अमर वीर बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में आयोजित 'मेरी माटी मेरा देश' व 'हर घर तिरंगा' अभियान का आयोजन संपूर्ण देश में उत्सवी ढंग से दिनांक 09 अगस्त से लेकर 30 अगस्त तक किया जाएगा। इसी क्रम में आज दिनांक 09.08.2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस ऑफिस कार्यालय में तैनात



समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को अमृत काल के पंचप्रण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री विनोद कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक श्री धनंजय सिंह कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी नगर सहित समस्त शाखाओं के प्रभारी व कर्मचारीगण द्वारा शपथ ली गयी। साथ पुलिस लाईन एटा व जनपद के समस्त पुलिस कार्यालयों/थानों/चौकियों में भी समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अमृत काल के पंचप्रण की शपथ ली गई। अमृत काल के पंचप्रण- 1-विकसित भारत का लक्ष्य 2-गुलामी के हर अंश से मुक्ति 3-अपनी विरासत पर गर्व 4-एकता और एकजुटता 5-नागरिकों में कर्तव्य की भावना

# जनपद एटा का सादर जनपद अध्यक्ष मनोनीत किया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा- अखिल भारतीय भट्ट शक्ति पुंज ट्रस्ट अयोध्या जी की तरफ से जनपद एटा के बहुत ही सम्मानित एंव ऊर्जावान कर्मठ भट्ट समाज के प्रति समर्पित श्री मूल चन्द शर्मा भट्ट जी को उनके भट्ट समाज के प्रति अटूट भाव व भावना को दृष्टिगत रखते हुए अपने ट्रस्ट के मूल लक्ष्य और उद्देश्य की पूर्ति हेतु जनपद एटा का सादर जनपद अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। आपके भट्ट शक्ति पुंज ट्रस्ट परिवार अयोध्या जी में आने और एटा जनपद का जनपद अध्यक्ष मनोनीत होने से ट्रस्ट परिवार अयोध्या जी बहुत मजबूत होगा।आपको अखिल भारतीय भट्ट शक्ति पुंज ट्रस्ट परिवार अयोध्या जी की तरफ से परिवार में आने व अध्यक्ष मनोनीत होने पर बहुत बहुत बधाई एवं मंगलकामना साथ ही बहुत बहुत स्वागत व अभिनन्दन

# स्वतंत्रता सग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-ठाकुर अनिल सोलंकी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ने कहा की 9 अगस्त को क्रांति दिवस है यह दिन भारतीय स्वाधीनता संग्राम के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। 1942 मे महात्मा गांधी जी ने अंग्रेजो भारत छोड़ो का नारा दिया और भारतीय जनता से 卐करो या मरो卐 का आवाह्न किया, जो हमारी आज़ादी के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। इसकी शुरुआत 9 अगस्त 1942 से हुई थी। 9अगस्त देश की जनता की अभिव्यक्ति थी जिसमे उसने ठान लिया था कि हमे आज़ादी चाहिए और हम आज़ादी लेकर रहेंगे। ऐसे में यह पर्व हम सभी भारतवासियों के गौरवपूर्ण दिन है। कांग्रेस जनो ने 11 बजे मेहता पार्क पर स्वतंत्रता सग्राम सेनानी मोती लाल नेहरू जी और महावीर सिंह राठौर जी की प्रतिमा,




सहीद पार्क मे सरदार भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बाद मे जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष गंगा सहाय लोधी की अध्यक्षता मे विचार गोष्ठी का आयोजन कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो के परिजन अरुणेश गुप्ता, डाक्टर सुरेंद्र स्वेरी सविता को माला एवं शॉल पहना कर सम्मान किया। और नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ राजेंद्र सिंह यादव फौजी, अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष बसीम सलमानी का एवं शोशल मीडिया जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद तसुब्बर, को माला एवं शाल पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर एकेश लोधी पूर्व जिला अध्यक्ष,नन्दलाल यादव प्रदेश सचिव शिक्षक प्रकोष्ट, नीलमा राज पीसीसी, चंद्रकान्त गांधी जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, इंदु सम्राट, अजीत सोलंकी,संजीव गुप्ता,योग गुरु योगेश्वर सिद्धार्थ शिव, मुकेश बघेल,अरविन्द कश्यप,दिनेश यादव ,चांद अली आदि।

# दावत के दौरान हुई नोकझोंक,कर दी फ़ायरिंग

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा

एटा-अलीगंज। दावत खाने के दौरान हुई कहासुनी के बाद फायरिंग कर दी। गोली लगने से युवक घायल हो गया। पथराव में भी एक लोग घायल हुए है। मामले की तहरीर पीड़ित ने दे दी है। कोतवाली अलीगंज के गांव विथरा निवासी महावीर सिंह ने तहरीर देते हुए बताया कि सात अगस्त की शाम को गांव में ही गंगारामपाल के घर पर दावत खाने गए थे। उनके साथ रजनेश, धीरेन्द्र, मुलायम सिंह, रनसिंह पर दावत खा रहे थे। खाना खाते समय मनु से कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद मामला शांत करा दिया गया। खाना खाने के बाद वह घर लौट रहे थे। आरोप है कि मनु, उसके साथियों ने घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए दौड़ा लिया। संजू ने फायर कर दिया। रजनेश के सीधे हाथ में कोहनी के ऊपर गोली जा लगी। रनसिंह के ईट मारकर घायल कर दिया। पीड़ित बच गया। पीड़ित ने कोतवाली अलीगंज में मंगलवार को पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस जांच कर एफआईआर दर्ज कर रही है।



# आरक्षी, मुख्य आरक्षी के स्थानांतरण में पारदर्शिता हेतु अपनाया गया लॉटरी सिस्टम



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा के निर्देशन में जनपद में आरक्षी, मुख्य आरक्षी के स्थानांतरण में पारदर्शिता हेतु अपनाया गया लॉटरी सिस्टम। समयावधि पूर्ण होने पर लॉटरी सिस्टम के तहत पूर्ण पारदर्शिता रखते हुए गठित समिति के सम्मुख आरक्षी, मुख्य आरक्षी एवं महिला आरक्षियों के किए गए स्थानांतरण। पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हॉल में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों में समयावधि पूर्ण कर चुके आरक्षी, मुख्य आरक्षी एवं महिला आरक्षियों के स्थानांतरण में पूर्ण रूप से पारदर्शिता रखने हेतु लॉटरी सिस्टम के तहत स्थानांतरण किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा स्थानांतरण हेतु एक समिति गठित की गई जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्री विनोद कुमार पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी नगर श्री विक्रांत द्विवेदी सम्मलित रहे। गठित समिति के सम्मुख लॉटरी सिस्टम के तहत आरक्षी, मुख्य आरक्षी एवं महिला आरक्षियों द्वारा स्वयं डिब्बे में बंद पर्ची उठाई गई, जिसमें पर्ची पर अंकित थाने पर संबंधित कर्मचारी का स्थानांतरण किया गया। लॉटरी सिस्टम के तहत कुल 105 आरक्षी/मुख्य आरक्षी एवं 23 महिला आरक्षियों का स्थानांतरण किया गया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# धोखाधड़ी कर समिति में नाम दर्ज करवाने के मामले में सपा नेता,जुगेन्द्र सिंह यादव की जमानत याचिका खारिज

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा




एटा-धोखाधड़ी कर समिति में नाम दर्ज करवाने के मामले में सपा नेता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेन्द्र सिंह यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। दलील सुनने के बाद जिला जज ने जमानत याचिका खारिज की है। डीसीजी रेशपाल सिंह राठौर ने बताया कि थाना बागवाला में लेखपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप थे कि गांव मानिकपुर में भूदान यक्ष समिति की भूमि पर दान ग्रहीता ने अनियमित रूप से भू-अभिलेख में छल-कपट, साज से अपना नाम अंकित करा लिया। इसके आधार पर जुगेन्द्र सिंह यादव पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बागवाला पुलिस मामले की जांच कर रही थी। आरोपी पक्ष से अधिवक्ता ने जमानत याचिका जिला जज कोर्ट में दायर की। मंगलवार को दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं ने दलील पेश की। दोनों पक्ष की दलील सुनने के बाद जिला जज अनुपम कुमार ने जमानत याचिका खारिज कर दी है।

# थाना कम्पिल पुलिस ने बरामद किए अवैध असलहा

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन पर जनपद में अवैध असलहो के विरुद्ध एवं उनकी रोकथाम हेतु कंपिल थाना अध्यक्ष अशोक कुमार के द्वारा थाना क्षेत्र के गांव में जाकर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है अभियान के अंतर्गत वांछित अभियुक्त ध्रुव सिंह पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम जिजौता बुजुर्ग थाना कम्पिल के घर से एक अधिया तमंचा 7 तमंचा व 28 खोखा कारतूस 315 बोर एवं एक जिंदा व 11 खोखा कारतूस 12 बोर, दो जिंदा कारतूस 7.62 बोर एवं एक कारतूस रखने की बेल्ट बरामद कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया है कि जनपद में अवैध असलहो के विरुद्ध एवं उनकी रोकथाम में तलाशी अभियान जारी रहेगा अवैध असलहा प्राप्त होने पर फतेहगढ़ पुलिस





द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी कंपिल थाना अध्यक्ष अशोक कुमार ने पहले भी कई नए खुलासे किए जिस समय यह फर्रुखाबाद एसओजी प्रभारी के पद पर तैनात थे अब कंपिल थाना अध्यक्ष के पद पर तैनात हैं उनके नाम से अपराधी अपराध का रास्ता बदलते नजर आ रहे हैं फतेहगढ़ पुलिस की छवि को बनाने में लगे कंपिल थाना अध्यक्ष अशोक कुमार जी

# पेयजल संबंधी निर्माण कार्य पिछले दो साल से चल रहे है,फिर भी ग्राम पंचायतै तरस रही हैं जल को

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-जल जीवन मिशन के तहत जिले की 400 से अधिक ग्राम पंचायतों में 800 करोड़ की लागत से पेयजल संबंधी निर्माण कार्य पिछले दो साल से चल रहे है,फिर भी ग्राम पंचायतै तरस रही हैं

जल को जल जीवन मिशन के तहत जिले की 400 से अधिक ग्राम पंचायतों में 800 करोड़ की लागत से पेयजल संबंधी निर्माण कार्य पिछले दो साल से चल रहे है। इसके बाद भी पेयजल सुविधा नहीं मिल सकी है।

खुदी पड़ी गलियां और मुख्य सड़कें लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। जिले की कुल 569 ग्राम पंचायतों में से 487 ग्राम पंचायतों को जल जीवन मिशन योजना के तहत चयनित किया गया। इनमें से कुल 442 ग्राम पंचायतों में वर्ष 2021 के अगस्त माह से नलकूप, ओवर हैड टैंक एवं पाइप लाइनें बिछाने का कार्य शुरू किया गया।

कार्य शुरू हुए दो साल पूरे होने के बाद भी किसी भी ग्राम पंचायत को अब तक इस योजना का लाभ नहीं मिल सका है। जबकि शासन से प्राप्त लक्ष्य के अनुसार योजना में चयनित सभी ग्राम पंचायतों में अधिकतम 18 महीनों के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण कर पेयजल देना था लेकिन अब तक किसी भी ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है।

इतना ही जल निगम ने अब तक 45 ग्राम पंचायतों में पेयजल योजना संबंधी निर्माण कार्य शुरू भी नहीं कराया है। जिन 442 ग्राम पंचायतों में कार्य शुरू किया गया है। वहां की दो वर्षों से गलियां एवं मुख्य मार्ग खुदे पड़े है। जिससे गांव के लोगों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# जलेसर में सुबह चार बजे ही शुरू हो जाता है काम



क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- जलेसर में एक वर्ष में 100 करोड से अधिक का कारोबार होता है। प्रमुख रूप से बड़े कारोबारियों की संख्या 60 के आसपास है। जबकि इस काम से करीब सात हजार लोग जुड़े है। प्रमुख रुप से घुंघरू, घंटा, मजीरा, पूजा आरती, पैजनी, सिगमोर जैसे प्रमुख सामान है। कारोबारी आदित्य मित्तल ने बताया के वर्तन को छोड़कर सभी सामान पीतल सिर्फ जलेसर में ही बनता है। जलेसर में सुबह चार बजे ही शुरू हो जाता है काम सुबह चार बजते ही जलेसर की भट्ठियों में काम शुरू हो जाता है। भट्ठियों की आग के सामने बैठने वाले कारीगर पांच घंटे से अधिक कार्य नहीं करते। दो शिफ्टों में काम होता है। अधिकांश भट्ठियां कस्बे के लोगों ने अपने ही घरों में बना रखी हैं। प्रधानमंत्री ने केदारनाथ में बजाया था जलेसर का घंटा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केदारनाथ के मंदिर पहुंचे थे। इस मंदिर में जो घंटा बजाया था वह भी जलेसर का ही बना था। यह घंटा पूर्व पालिकाध्यक्ष विकास मित्तल की फैक्ट्री से बनकर गया था।

# जिला कांग्रेस कमेटी शहरी लुधियाना की तरफ से नई वार्डबंदी 2023 की हदबंदी का ड्राफ्ट जारी होने पर एतराज दर्ज करवाया

क्यूँ न लिखूँ सच
सत पाल सोनी



लुधियाना - पंजाब सरकार की तरफ से नगर निगम लुधियाना के चुनाव करवाने के लिए की गई नई वार्डबंदी 2023 की हदबंदी का ड्राफ्ट जारी होने के बाद आज जिला कांग्रेस कमेटी शहरी लुधियाना की तरफ से जिला अध्यक्ष संजय तलवाड़ के निर्देशो पर शाम सुंदर मल्होत्रा सीनियर वाइस अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी शहरी लुधियाना ने नगर निगम कमिश्नर डा शेन्ना अग्रवाल के साथ भेट की। भेट करके नगर निगम कमिश्नर डा शेन्ना अग्रवाल को नई की गई वार्डबंदी में पंजाब सरकार की तरफ से नियमो को तोड़ कर की गई तबदिलयों पर जिला कांग्रेस कमेटी शहरी लुधियाना की तरफ से अपना एतराज दर्ज करवाया। इस अवसर पर कवलजीत सिंह बॉबी, कपिल मेहता, पंकज मीनू मल्होत्रा, गुरविंदर रंधावा, अंकित मल्होत्रा, सौरव पलटा, जसवीर सिंह जस्सा भी उपस्थित थे।

# मेरी माटी मेरा देश का हुआ आयोजन



क्यूँ न लिखूँ सच
रिठौरा। मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत कृतिका कालेज, खाई खेड़ा में बुधवार को विशेष कार्यक्रम ?का आयोजन चेयरमैन डा0 के0पी0 गंगवार ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। निदेशक डा0 अरविन्द कुमार जांगिड़ समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों को पंच- प्रण की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर डा0 के0पी0 गंगवार ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के सन्दर्भ में सम्बोधित करते हुए कहा आजादी के अमृत महोत्सव की बेला में हम उन वीर बलिदानियों तथा क्रान्तिकारियों को नमन करते हैं। जिन्होंने अपने प्राणों को न्यौछावर कर हमें आज़ाद करवाया पूरा देश उनका सदैव ऋणी रहेगा। वहीं हर घर तिरंगा कार्यक्रम देश के प्रति हमें सजग करने का कार्य कर रहा है।
प्राचार्य श्री जांगिड ने भी बच्चों को देश के प्रति सजग और ईमानदारी से सेवा करने को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर भुवन गंगवार, सरिता रौतेला, सुषमा मौर्या, सोनम गंगवार, दिव्या, मयंक सक्सेना, कंचन गंगवार, अभिषेक, नीरज कुमार, पवन कुमार पाण्डेय, वाजिद खां, फरमान अली, फरहत परवीन, शिवानी, अनामिका गंगवार, रमेश गुर्जर, हिमांशु शर्मा, वैभव शर्मा, रवि वर्मा, रचित सोनी, आयुष सोनी आदि स्टाफ आदि मौजूद रहा।

# मजदूर-कर्मचारी व जनविरोधी, साम्प्रदायिक व चंद कॉरपोरेट समर्थक नीतियों के कारण भाजपा सरकार को सत्ता से हटाना बहुत जरूरी


क्यूँ न लिखूँ सच
सत पाल सोनी



लुधियाना -देश के कामकाजी लोगों के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय राष्ट्रीय संघों/संघों के एक संयुक्त मंच के निमंत्रण पर यहां पंजाबी भवन के बाहर एटक, सीटू और सीटीयू ने एक संयुक्त रैली आयोजित की। रैली की कार्रवाई को संचालित करने के लिए डी.पी.मौड, सुभाष रानी और जगदीश चंद पर आधारित एक अध्यक्ष मंडल का गठन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि 9 अगस्त 1942 को देश के स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं ने 卐अंग्रेजों भारत छोड़ो卐 का नारा दिया था और आज 9 अगस्त 2023 को मोदी के नेतृत्व वाली आरएसएस-भाजपा सरकार की नीतियों के कारण केंद्र में देश के सभी वर्ग के मजदूरों और आम लोगों ने मोदी सरकार छोड़ो का नारा बुलंद कर दिया है। ये नीतियां न केवल मजदूर विरोधी, किसान विरोधी, छोटे व्यवसायियों विरोधी हैं, बल्कि ये राष्ट्र विरोधी भी हैं क्योंकि ये सांप्रदायिकता फैलाने में मदद करती हैं, जो हमारी संघीय एकता और अर्थव्यवस्था तथा हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए विनाशकारी है। यदि हम 2014 के बाद से भाजपा शासन के 9 वर्षों से अधिक को देखें, तो यह लोगों के जीवन और आजीविका पर हमला करने वाली सरकार की तस्वीर प्रस्तुत करता है। हमारे बच्चों को नौकरी नहीं मिल रही है। सरकारी पद भी नहीं भरे जा रहे हैं,जो सरकार के अधिकार क्षेत्र में हैं। कई सार्वजनिक संस्थानों को बंद किया जा रहा है या कॉरपोरेट घरानों को बेचा जा रहा है। ईडी जैसी सरकारी एजेंसियों द्वारा लेखकों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विपक्ष के सदस्यों को निशाना बनाया जा रहा है। इस सरकार की आलोचना करने के लिए इसे एक तुच्छ आधार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। वक्ताओं में डीपी मौड, चरण सराभा,सुभाष रानी, गुरमेल मेल्डे, एम.एस. भाटिया, सुखविंदर सिंह लोटे, चामेश्वर राय, बलराम सिंह, तहसीलदार सिंह, संग्राम सिंह आदि शामिल थे।

# राज्य किसी भी चिकित्सा शुल्क की सीमा निर्धारित करने के लिए अधिकृत- डॉ. भारती प्रवीण पवार

क्यूँ न लिखूँ सच
सत पाल सोनी



लुधियाना - लुधियाना से सांसद (राज्यसभा) संजीव अरोड़ा ने हाल ही में राज्यसभा के पटल पर चिकित्सा शुल्क की सीमा तय करने का मुद्दा उठाया है और पूछा है कि क्या सरकार ने घुटने के प्रत्यारोपण और स्टेंट की सीमा तय कर दी है। हालाँकि, अरोड़ा ने बताया कि अस्पतालों ने अपने स्वयं के शुल्क बढ़ा दिए हैं और इसलिए जब स्टेंट और घुटने के प्रत्यारोपण के लिए शुल्क सीमित कर दिए गए तो मरीज को कोई राहत नहीं मिली। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में भी पूछा कि जब भी चिकित्सा उपकरणों के लिए दरों की सीमा तय की जाए, प्रक्रिया शुल्क की भी सीमा तय की जाए। अरोड़ा के सवाल का जवाब देते हुए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने कहा कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित नेशनल लिस्ट ऑफ एसेंशियल मेडिसिनज़ (एनएलईएम) को ड्रग्स (प्राइस कंट्रोल) आर्डर के शेड्यूल-ढ्ढ में शामिल किया गया है। फार्मास्यूटिकल्स विभाग (डीओपी) के अंतर्गत नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइस अथॉरिटी (एनपीपीए) ड्रग्स (प्राइस कंट्रोल) आर्डर, 2013 (डीपीसीओ, 2013) के शेड्यूल-ढ्ढ में निर्धारित इन शेड्यूलड दवाओं की अधिकतम कीमत डीपीसीओ, 2013 के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार तय करता है। इसके अलावा, असाधारण परिस्थितियों के मामले में डीपीसीओ, 2013 सार्वजनिक हित में किसी भी दवा की अधिकतम सीमा या रिटेल मूल्य को उस अवधि के लिए निर्धारित करने का प्रावधान करता है जो वह उचित समझे। अरोड़ा ने कहा कि मंत्री ने आगे बताया कि घुटना प्रत्यारोपण नॉन-शेड्यूलड चिकित्सा उपकरण हैं।

# लायन्स क्लब खंडवा एवं जनपद पंचायत छैगांव माखन द्वारा पर्यावरण जागरूकता अभियान

## वृहद पौधारोपण कर दिया पर्यावरण जागरूकता सन्देश

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



खण्डवा - लायंस क्लब खंडवा एवं जनपद पंचायत छैगांव माखन के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता का संदेश देकर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। जानकारी देते हुए नारायण बाहेती ने बताया कि लायंस क्लब अध्यक्ष राजीव मालवीय, सचिव घनश्याम वाधवा, कोषाध्यक्ष मधुबाला शेलार, रीजन कोऑर्डिनेटर पर्यावरण अखिलेश गुप्ता के नेतृत्व में लायंस क्लब खण्डवा द्वारा जनपद पंचायत, छैगांव माखन अध्यक्ष महेंद्र सांवनेर के संयोजन में जनपद पंचायत परिसर व विभिन्न स्थानों पर वृहद स्तर पर औषधीय व फलदार पौधों का रोपण किया गया। महेंद्र सांवनेर ने कहा कि सभी जनपद पंचायतों को पौधारोपण हेतु लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं ।एवं लायंस क्लब खण्डवा पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है ।इसलिए लायंस क्लब खण्डवा के साथ आज पौधारोपण अभियान का आरंभ किया गया। पौधों के संरक्षण का दायित्व जनपद पंचायत सदस्यों ने लिया।अध्यक्ष राजीव मालवीय ने कहा कि लायंस क्लब खंडवा द्वारा दिनांक 1 जुलाई से प्रति व्यक्ति एक पौधा लगाने हेतु संकल्प अभियान प्रारंभ किया गया है।जिसे संपूर्ण वर्षाकाल में चलाया जाएगा। अखिलेश गुप्ता ने बताया कि पूरे रीजन में 5000 वृक्ष लगाने का संकल्प है। जिसमें से 1000 पौधे लगाए जा चुके हैं। नारायण बाहेती द्वारा कहा गया कि हाईवे के कारण वृक्षों की कटाई के चलते छैगांव माखन क्षेत्र में वृक्षारोपण की असीम आवश्यकता है एवं इस क्षेत्र में हम निरंतर पौधारोपण करेंगे। रीजन चेयरपर्सन राजीव शर्मा ने उपस्थित सरपंच एवं सचिवों से आग्रह किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों की मेड़ों पर ग्रामीणजनों को जागरूक कर वृक्षारोपण कराएं। इस अवसर पर राजेन्द्र अग्रवाल,प्रेमनारायण पिपलोनिया, बलिराम तिरोले, गांधीप्रसाद गदले, सुशीला गदले, सरपंच लखन गोलकर, रामदेव गोलकर, रोहित जैन, महेश पटेल, टीकम सिंह गौर, कमलेश बड़दे एवं जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी एवं सरपंच व सचिव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव घनश्याम वाधवा एवं आभार गांधीप्रसाद गदले ने माना।

# ट्रक ने बाइक सवार मां बेटे को रौंदा, मौके पर हुई दोनों की मौत, ट्रक चालक फरार

क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली फतेहगंज पश्चिमी - नेशनल हाईवे झुमका तिराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने मां बेटे को कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आज बुधवार सुबह लगभग 8 बजे भीषण सड़क हादसे में मां बेटे की हुई दर्दनाक मौत। थाना शाही क्षेत्र के गांव कुल्छा की गोटिया निवासी नाथू लाल की पत्नी नंदो देवी उम्र 60 वर्ष अपने बेटे मनोज राजपूत उम्र 25 वर्ष के साथ बिशारतगंज के क्षेत्र के गांव धतोरा अपनी ननद के घर जा रही थी इसी दौरान (बड़ा बाईपास) झुमका तिराहे के पास पहुंचने से पहले ही पीछे से आए बेकाबू तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार कर अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उनकी बाइक 100 मीटर तक खिचड़ती ती हुई चली गई। और ट्रक के पहिए के नीचे आकर दोनों की कुचल कर मौके पर घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान ट्रक चालक मौका देखकर फरार हो गया। सूचना पर फतेहगंज पश्चिमी और सीबीगंज थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। घटनास्थल फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र का बताया गया तो फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। घटना की सूचना या मृतक के घर पहुंची तो उनके घर में कोहराम मच गया।

# खुदाई में भगवान बुद्ध की मूर्तियां गज स्तंभ भिक्षा पात्र मिला पुरातत्व विभाग से जांच की मांग

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श









फर्रुखाबाद- जिले की शमशाबाद नगर पंचायत के अलेपुर क्षेत्र की खुदाई में भगवान बुद्ध की कई मूर्तियां गज स्तंभ व भिक्षा पात्र मिलने से बौद्ध धर्मियों व अंबेडकर वादियों में खुशी की लहर दौड़ गई पूर्व सभासद राम लडैते दिवाकर कई दशकों पूर्व पट्टे पर मिली 14 बीघा जमीन को समतल करने के लिए मिट्टी की खुदाई करवाते है इसी खुदाई में करीब एक दर्जन भगवान बुद्ध की कई मूर्तियां सम्राट अशोक कालीन गज स्तभ व अवशेष निकले राम लड़ैते ने समझा कि देवी की मूर्तियां हैं उन्होंने सभी मूर्तियों को अपने खेत में लगे पीपल के बृक्षों के नीचे रख दिया मूर्ति स्थल का खेड़ा वाली देवियों का नामांकरण कर दिया गांव की महिलाएं देवी समझकर मूर्तियों की पूजा करने लगी काशी में ज्ञानवापी मंदिर की पुरातत्व विभाग के द्वारा गहराई से जांच पड़ताल किए जाने की खबर को रामलड़ैते ने गंभीरता से लिया रामलडैते ने एक सुरक्षित मूर्ति की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी तो देखने वालों ने बताया कि यह मूर्ति भगवान बुद्ध की है यह जानकारी मिलते ही रामलड़ैते के परिजनों में खुशी व्याप्त हो गई गांव के ही पेशकार शाक्य ने इस बात की जानकारी कायमगंज निवासी बौद्ध धर्मावलंबी कर्मवीर शाक्य को दी कर्मवीर ने पेशकार को सलाह दी कि सभी मूर्तियों को घर पर लाकर सुरक्षित ढंग से रखो कीमती मूर्तियों को कोई गायब कर सकता है पेशकार शाक्य बीते दिन आधा दर्जन मूर्तियों को अपने घर ले गए जिनमें भगवान बुद्ध की दो छोटी मूर्तियां व भिक्षा पात्र सुरक्षित है शेष खंडित मूर्तियों में भगवान बुद्ध के के सिर वाली है सभी मूर्तियां काले पत्थर की है रामलड़ैये दिवाकर ने बताया कि खेत में पीपल के पेड़ के पास करीब ढाई फीट लंबी व सवा फीट चौड़ाई वाली पत्थर की चौखट जैसी दो शिलालेख रखे है जिनका वजन करीब एक कुंटल है दोनो शिलालेख के दोनों तरफ शेर की दो आकृतियां के बीच मूर्ति बनी है उन्होंने बताया कि खेरे की खुदाई में अक्सर मूर्तियां निकलती है खुदाई में और भी मूर्तियां निकल सकती हैं कर्मवीर शाक्य ने दावा किया की ये प्राचीन मूर्तियां भगवान बुद्ध की व बौद्ध धर्म के अवशेष है बौद्ध कालीन भिक्षा पात्र गोल होते थे पुरातत्व विभाग को इन मूर्तियों की जांच पड़ताल करनी चाहिए और खेरे की खुदाई भी करवानी चाहिए उन्होंने बताया कि संकिसा में भगवान बुद्ध का स्तूप होने के कारण यह पूरा इलाका बौद्ध कालीन है बौद्ध व सम्राट अशोक काल के अवशेष मिलना आश्चर्य की बात नहीं है

# बीएफयूएचएस के नए वीसी ने सीएमसी में डॉक्टरों के प्रशिक्षण का उद्घाटन किया

क्यूँ न लिखूँ सच
सत पाल सोनी




लुधियाना - बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, फरीदकोट के कुलपति प्रोफेसर राजीव सूद ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के 13वें %एडवांस कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन (एसीएमई)% का उद्घाटन किया, जो एनएमसी नोडल सेंटर फॉर फैकल्टी डेवलपमेंट द्वारा सीएमसी में संचालित किया जा रहा है।. डॉ. सूद ने मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों के लिए अनुदैर्ध्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और बताया कि एनएमसी शिक्षा नीतियों को कैसे अद्यतन कर रहा है। सीएमसी के निदेशक डॉ. विलियम भट्टी ने बताया कि सीएमसी क्षेत्र में संकाय के कई शैक्षणिक प्रशिक्षणों का नेतृत्व कर रहा है। सीएमसी के प्रिंसिपल डॉ. जयराज डी. पांडियन ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और मुख्य अतिथि, बीएफयूएचएस के कुलपति का परिचय दिया। डॉ. पांडियन ने चिकित्सा शिक्षा में डॉ. राजीव सूद के अनुकरणीय कार्यों पर प्रकाश डाला। ये डॉक्टर भारत के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से हैं और कोर्स के पांचवें दिन 60 और डॉक्टर शामिल होंगे। नोडल सेंटर की सह-संयोजक और एसीएमई कोर्स प्रभारी डॉ. मोनिका शर्मा ने बताया कि मेडिकल कॉलेजों के 30त्न फैकल्टी के लिए एडवांस कोर्स अनिवार्य है और सीएमसी नोडल सेंटर 48 मेडिकल कॉलेजों के फैकल्टी को प्रशिक्षण दे रहा है। कार्यक्रम के संसाधन संकाय में डॉ. बडियाल,डॉ. मोनिका, डॉ. पामेला एलिस के, डॉ. अरोमा ओबेरॉय, डॉ.अंजलि जैन, डॉ. मारिया थॉमस, डॉ. कविता मैंड्रेल, डॉ. क्लेरेंस,डॉ. दीपशिखा कामरा, डॉ. अजय कुमार और डॉ. रिंचू लूम्बा शामिल थे।

# संविदा कर्मचारियों के लिए बोनस, राज्य सरकार ऊपरी आयु सीमा पार करने वाले संविदा कर्मचारियों की नौकरियों को भी नियमित कर रही है – विधायक

क्यूँ न लिखूँ सच
सत पाल सोनी



लुधियाना – राज्य सरकार ने अनुबंधित कर्मचारियों के लिए बड़ी सौगात देते हुए उन अनुबंधित कर्मचारियों की नौकरियों को नियमित कर दिया है, जो नियमितीकरण के लिए ऊपरी आयु सीमा भी पार कर चुके हैं। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में अधिसूचित नीति के तहत, पिछले 10 वर्षों और उससे अधिक समय से एमसी में लगातार काम कर रहे संविदा कर्मचारियों को नियमित कर दिया गया है। इनमें सफाई कर्मचारी/सीवरमैन, बेलदार, ड्राइवर, माली आदि शामिल हैं। गुरप्रीत बस्सी गोगी, मदन लाल बग्गा, कुलवंत सिंह सिद्धू, अशोक पराशर पप्पी, दलजीत सिंह भोला ग्रेवाल, राजिंदरपाल कौर छीना और एमसी कमिश्नर डॉ शेना अग्रवाल सहित लुधियाना शहर के विधायकों ने बुधवार को एमसी जोन डी कार्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने नियमित किये गये कर्मचारियों को बधाई दी और इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए राज्य सरकार की सराहना की। विधायकों ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने पहले एमसी के संविदा कर्मचारियों (सफाई कर्मचारियों और सीवरमैन) को नियमित किया था, लेकिन कई कर्मचारी पीछे रह गए क्योंकि वे नियमितीकरण के लिए ऊपरी आयु सीमा, जो कि 37 है, को पार कर चुके थे। सामान्य वर्ग के लिए वर्ष और एससी वर्ग के लिए 42 वर्ष। इस नीति के अंतर्गत आने वाले संविदा एमसी कर्मचारियों की सूची तैयार की जा रही है और उन्हें राज्य सरकार को भेजा जाएगा। नगर निकाय के अधिकारियों ने पात्र कर्मचारियों से अपने आवश्यक दस्तावेज अधिकारियों के पास जमा करने की भी अपील की है, ताकि यह प्रक्रिया 31 अगस्त से पहले पूरी की जा सके। विधायकों ने कहा कि आप के नेतृत्व वाली राज्य सरकार निवासियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और जनता को राहत पहुंचाने के लिए ऐतिहासिक फैसले लिए जा रहे हैं। चेयरमैन अश्वनी सहोता और प्रधान जसदेव सिंह सेखों के नेतृत्व में नगरपालिका कर्मचारी संघर्ष समिति ने भी शेष अनुबंध कर्मचारियों को नियमित करने के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पीडिता ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

क्यूँ न लिखूँ सच
अरविन्द कुमार यादव

थाना क्षेत्र सोनवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत धूम बोझी रमवापुर के निवासी मालती देवी पत्नी दयाराम उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है ज्ञातव्य हो की मालती देवी पत्नी दयाराम ने लगभग 2001 में कैलाश नाथ पुत्र रामलाल, बिटटा देवी पत्नी कैलाश नाथ, राम रूप पुत्र कैलाश नाथ, निवासी रमवापुर धूमबोझी थाना सोनवा से 6 विस्वा जमीन लिया था जिसमें पक्की न्यू भरकर दीवाल उठाकर टीन सेट मे रह रहे हैं जबकि रजिस्ट्री बैनामा नहीं कराया गया था जिसमें लगभग 10 लोगों ने मकान बना लिया है और मकान बनाकर रह रहे हैं लेकिन अब कैलाश नाथ पुत्र राम लाल, विटटा देवी पत्नी कैलाश नाथ, राम रूप पुत्र कैलाश नाथ, मेरे घर पर आकर जबरन घर को उजारकर फेंकने की धमकी दे रहे हैं और कहते हैं कि मैं जमीन नहीं दूंगा तुम्हारा आशियाना उजाड़कर फेंक दूंगा हम से आपने बैनामा नहीं कराया है

इसलिए आपको जमीन नहीं देंगे इस संबंध में मालती देवी ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, जिला अधिकारी श्रावस्ती, पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती, थाना प्रभारी सोनवा, उप जिला अधिकारी जमुनहा, को प्रार्थना पत्र देकर विपक्षी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने की मांग किया है विपक्षी का आरोप है कि जब जमीन लिया था तो गांव के तमाम लोग उपस्थित थे जिसके सामने पैसा दिया गया लेकिन विपक्षी जमीन में मकान बने हुए हैं लेकिन बेईमानी कर मकान को उजाड कर फेंक देने की धमकी दे रहे हैं इस संबंध में उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है जबकि दोनों तरफ से मारपीट का मुकदमा भी दर्ज है पुलिस कार्रवाई कर दिया है प्रार्थी को को विपक्षीगढ़ द्वारा जान माल की धमकी दी जा रही है और कह रहे हैं कि आपका घर उजाड़कर फेंक देंगे इस संबंध में प्रार्थी उच्च अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर लगा रहा है।

# एसडीएम भिनगा ने भांगही रास्ते के प्रकरण को लिया संज्ञान प्रधान भंगही लक्ष्मी शरण के फूले हाथ पाव करा रहा था अवैध निर्माण



क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती – विकासखंड हरिहरपुर रानी ग्रामसभा भंगही के मजरा कुरसहा मैं मौजूदा प्रधान ने अवैध पक्का मकान बनाकर चक मार्ग पर ग्रामीणों का रास्ता बंद कर दिया कई बार राजस्व विभाग की टीम गठित होकर वहां पहुंची लेकिन रास्ते को खाली नहीं करा सकी ग्रामीणों को लगातार धमका रहा था कि हमारा कुछ नहीं करवा पाओगे मैं इस मकान रास्ते से नहीं हटा रास्ते की मांग करें ग्रामीणों ने तहसील भिनगा जाकर एसडीएम पीयूष कुमार जायसवाल से मुलाकात की और अपनी पूरी बात बताई कि मौजूदा प्रधान ने चक मार्ग को बंद कर दिया है और नवीन परती, ग्राम समाज की जमीन पर अपना मलिक आना हक जता रहा है मौजूदा प्रधान को एसडीएम भिनगा पीयूष कुमार जायसवाल ने बताया कि जितनी भी सरकारी जमीन है उस पर अवैध अतिक्रमण जल्द से जल्द हटाया जाए नहीं तो मैं कानूनी कार्रवाई करूंगा किसी को बख्शा नहीं जाएगा

# शाशकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत किया गया वीर सैनिक का सम्मान व वृहद वृक्षारोपण



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

रीवा- शहर के अग्रणी शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में आज एक गरिमामयी कार्यक्रम में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमर शहीद श्री रावेंद्र मिश्र जी ,,जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया उनकी धर्मपत्नी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष प्रबोध व्यास, विशिष्ट अतिथियो में नरेंद्र गुप्ता, देवांशु मिश्रा, व कार्यक्रम की अद्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ आरती सक्सेना ने की।कार्यक्रम का आगाज अतिथियों के द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ तत्पश्चात बापू की प्रतिमा में पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। देश की संस्कृति की रक्षा की शपथ लेते हुए सभी ने प्रण किया कि देश के सर्वांगीण विकास में महती भूमिका का निर्वहन करेंगे।इसके बाद समस्त अतितियो के द्वारा महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में माननीय प्रबोध व्यास ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी जिम्मेदारियों का एहसास होने के साथ साथ देश के लिए भी अपने आपको समर्पितं करने के भाव होने चाहिए जो इसी उम्र में आते हैं।कार्यक्रम का संचालन डॉ आरती तिवारी व आभार आलोक तिवारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत हुआ जिसमें प्रमुख रूप से प्रभारी डॉ आर के दुबे, विनीता आर कश्यप,डॉ अम्बिकेश पांडेय डॉ हबीब खान के अलावा जनभागीदारी सदस्य अंकित मिश्र,आलोक तिवारी,प्रशांत तिवारी,देवांशु साथ ही सुदिशा फाउंडेशन अध्यक्ष निशा जैसवाल व भारी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ भाजपा नेत्री तेजेश्वरी सिंह ने कस्बे में किया में जनसंपर्क



क्यूँ न लिखूँ सच

जनपद बरेली फतेहगंज पश्चिमी – वरिष्ठ भाजपा नेत्री जिला पंचायत सदस्य ने लोगों से किया जनसंपर्क। जानकारी के अनुसार पूर्व केंद्र मंत्री स्वर्गीय भानु प्रताप सिंह की पुत्री भाजपा नेत्री जिला पंचायत सदस्य तेजस्वी सिंह ने आज अपनी टीम के साथ कस्बा फतेहगंज पश्चिमी के व्यापारियों से जनसंपर्क किया उसके बाद कस्बे के कई मोहल्लों में घर घर जा जाकर माताओं बहनों और बुजुर्गों और युवाओं से जनसंपर्क कर भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण योजनाओं की जानकारी दी। और 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पार्टी को वोट करने की अपील की। इसके साथ ही 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को वोट बनवाने की बात कही। जिससे आप अपने मताधिकार का सही उपयोग कर सकें। जिससे आप लोगों के सहयोग और मतदान से भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बन सके। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलवीर सिंह, वरिष्ठ व्यापारी हरीश कन्हैया लाल सक्सेना, संजीव, विजय कुमार गुप्ता, डॉक्टर मुस्ताक, रेहान अंसारी, ठाकुर उमेश सिंह, सौरभ पाठक, डॉक्टर प्रेम सिंह, ठाकुर अनूप सिंह, आदि लोग साथ में रहे।

# 3200 किलोमीटर यात्रा पर साइकिल से निकले यात्रियों का किया भव्य स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

आष्टा। कन्याकुमारी से भगवान खाटू श्याम के दर्शनार्थ साईकल निशान यात्रा के साथ निकले दीपेश राठौर, हर्ष राठौर, सचिन गुप्ता, शिवम शर्मा, उमेश चावड़ा का आष्टा नगरागमन पर पुष्पमाला पहनाकर विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा व साथियों द्वारा स्वागत सम्मान कर अपने गंतव्य के लिए सभी यात्रियों को रवाना किया। स्वागत करते हुए विधायक प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने कहा कि यह भारत भूमि वीरों की भूमि है, जिसमें आप जैसे आस्थावान निवासरत है। आपके द्वारा लगभग 3200 किलोमीटर की साइकिल यात्रा की जा रही है जो अपने आपमें बहुत ही परिश्रम भरा रास्ता है, ईश्वर से प्रार्थना करते है कि आपकी यह यात्रा मंगलमय रहे बिना किसी परेशानी के आप अपने लक्ष्य को सहजता के साथ हासिल करें। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा, मनीष धारवां, सुमित मेहता, पवन वर्मा, जिम्मी राठौर, राहुल डाबी, केशव राठौर, रोनक डूमाने आदि मौजूद थे।

# अज्ञात लोगों ने को धारदार हथियार से उतारा मौत के घाट



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती – श्रावस्ती थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत लक्ष्मणपुर कोठी राप्ती बैराज पर श्याम किशोर पुत्र बेचई राम निवासी केशवापुर राप्ती बैराज के पास स्थित नहर कॉलोनी में रह रहे थे जो चतुर्थी कर्मचारी के पद पर नहर विभाग में तैनात थे और रिटायर हो गए थे रिटायर होने के बाद नहर कॉलोनी में काफी दिनों से रह रहे थे बुधवार की रात को अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया सुबह ग्रामीणों ने देखा और बताया कि श्याम किशोर की हत्या कर दी गई है जिसका खुलासा धीरे-धीरे हुआ और पुलिस को ग्रामीणों ने सूचना दिया घटनास्थल पर पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा श्याम किशोर के परिजन को सूचना दिया गया है इस संबंध में थाना मल्हीपुर प्रभारी निरीक्षक से जानकारी लेने पर बताया गया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# ''अर्ली वार्निंग सिस्टम प्रोग्राम'' के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
लंकीन प्रसाद वर्मा




श्रावस्ती –श्रावस्ती जिलाधिकारी कृतिका शर्मा के निर्देशानुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित डीपीआरसी हाल में ''अर्ली वार्निंग सिस्टम प्रोग्राम'' के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की काउंसलिंग के उपरांत ऐसे बच्चे जो भविष्य में विद्यालय छोड़ सकते हैं, उन्हें हम शिक्षा के मुख्य धारा में नियमित रूप समाहित करना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि समग्र शिक्षा योजना अंतर्गत जनपद के समस्त विद्यालयों में अर्ली वार्निंग सिस्टम कार्यक्रम का संपादन किया जाना है। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से ऐसे बच्चों के संबंध में है जो विद्यालय छोड़ने वाले छात्र छात्राएं हैं इस योजना के अंतर्गत हम ऐसे छात्रों को चिन्हित करते हैं जो भविष्य में विद्यालय छोड़ सकते हैं। पहले तो ऐसे बच्चे विद्यालय ड्रॉपआउट होते हैं उसके पश्चात पूर्ण रूप से शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित हो जाते हैं। ऐसे बच्चों की पहचान एवं ट्रेकिंग कर के इनके साथ इनके अभिभावकों को परामर्श की आवश्यकता होती है यह कार्य हम विद्यालय प्रबंध समिति की मासिक बैठक मां समूह की बैठक ग्राम सभा की बैठक एवं अध्यापकों द्वारा परामर्श के माध्यम से नियमित रूप से कर सकते हैं।

जिला समन्वयक अजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से सबसे पहले मास्टर टेञर्स तैयार किया जा रहे हैं, उसके पश्चात इन्हीं मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से प्रत्येक विकास खंड में अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उसके पश्चात प्रत्येक विद्यालय में अध्यापकों के द्वारा इस प्रकार के बच्चों का चयन किया जाएगा जो अर्ली वार्निंग सिस्टम के लक्षण रखते हैं। इसके उपरांत उन बच्चों के साथ तथा उनके अभिभावकों के साथ काउंसलिंग करते हुए उन्हें विद्यालय में नियमित उपस्थित रहने हेतु प्रेरित किया जाएगा। यह कार्यक्रम यूनिसेफ तथा उनके सहयोगी संस्था रिक्वेस्ट एलियांज के द्वारा संचालित की जा रही है। इस अवसर पर संस्था से प्रशिक्षक के रूप में अमिताभ, सुनील कुमार, प्रज्ञा सिंह, कार्यशाला में 24 ए आर पी 3 सर्ग तथा जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# किसान युनियन ने अपनी मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल



श्रावस्ती किसान यूनियन ने उप जिलाधिकारी जमुनहा को 10 सूत्रीय मांगो को लेकर किसान युनियन के जिला अध्यक्ष शमीम अहमद ने उप जिला धिकारी को ज्ञापन देते हुए निम्न मांग की जिसमे किसान आयोग का गठन कराया जाए छुट्टा जानवरो को गौशाला मे रखवाया जाए पालतू जानवरो को छोड़कर खेत चराने वाले के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाए जमुनहा बहराइच मार्ग पर रोडवेज 5 बसों का संचालन कराया जाए जमुनहा मे कन्या डिग्री कालेज बनवाया जाए जमुनहा मे कौशल विकास केंद्र खोलवाया जाए सभी कोअपरेटिव पर यूरिया खाद की ब्यवस्था कराना जमुनहा बिकासखंड सभी गरीबो को प्रधानमंत्री आवास दिलाया जाए जमुनहा पी एच सी पर अल्ट्रासाउंड व अक्सीजन की ब्यवस्था की जाए सहारा इंडिया का रिफंड साइड बंद है उसको चालू कराया जाय जिससे गरीबो को पैसा प्राप्त किया जा सके ग्राम जबदी हरवंशपुर जबड़ी मे नाला निर्माण कराया एवं मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए।

# From headache to relieving stress, peppermint oil is very effective in these problems

Benefits of Peppermint Oil Peppermint oil is commonly used in aromatherapy. Due to its many properties, it is used in aromatherapy. This oil helps in getting rid of many physical and mental problems. If you have headache, muscle pain or digestive problems, then peppermint oil will be beneficial in this. Peppermint oil is a type of essential oil, which is




obtained from the peppermint plant. Its scientific name is Mentha Piperita. It is extracted from the leaves and flowers of the plant. Peppermint oil is known for its strong, fresh scent and many therapeutic properties. It is commonly used in aromatherapy to provide relief from headaches, muscle pain, congestion, and digestive problems. Peppermint oil provides many health benefits, about which we are going to tell in this article today, relieve headache- Peppermint oil helps in relieving tension, headache and migraine due to its cooling and analgesic properties. . Improve digestion- Peppermint oil has been traditionally used to treat digestive problems such as indigestion, bloating and gas. It can help in relaxing the muscles of the gastrointestinal track, promoting better digestion. Reduce Nausea – Peppermint oil has been found to be effective in reducing the symptoms of nausea and vomiting, making it a great natural remedy for morning sickness or motion sickness. Soothe muscle pain – Peppermint oil has a cooling effect, which can help soothe and reduce muscle pain. It can be applied to the affected area or added to bath water to experience pain relief. Effective in sinus congestion – Peppermint oil has decongestant properties, which can help clear sinuses and relieve nasal congestion. It can be sniffed or used as a vapor to get relief. Keeps insects away – Peppermint oil is also a natural insect repellant and can be used to keep mosquitoes, ants and other insects away. It can be mixed with water and sprinkled around the house or applied to the skin. Improves Respiratory Health – Peppermint oil can help soothe and open the airways, making it beneficial for respiratory conditions such as asthma, bronchitis, and allergies. Beneficial for hair and scalp- Peppermint oil has anti bacterial and antifungal properties, which can help prevent and treat dandruff, scalp inflammation and hair loss. It can be added to shampoo or used in hair masks. Improves mood and relieves stress - Peppermint oil has a fresh and invigorating scent, which can help improve mood and reduce stress and anxiety.

# These are vegetables and fruits with anti-cancer properties, regular consumption can reduce the risk of fatal disease by 40%

Cancer is one of the leading risk factors for death globally. Health experts say, the risk of this disease is increasing year by year. Cancer is a deadly disease, unfortunately in most cases it is detected only when the disease has taken a very serious form. The risk of prostate cancer in men and ovarian-breast cancer in women is being seen the most. It is causing death in millions



of people every year. Health experts say that all people should continue to take preventive measures against cancer. People who already have risk factors need to be extra careful. Researchers have found that some fruits and vegetables can also have anti-carcinogenic effects, which can be beneficial in protecting you from this serious and deadly disease if consumed regularly. Broccoli can reduce the risk of cancer - can you Do you know that broccoli is full of many health benefits? What makes it especially special is the anti-carcinogenic properties present in it. Broccoli contains sulforaphane, a compound found in cruciferous vegetables believed to have potent anticarcinogenic properties. A test-tube study showed that substances containing sulforaphane can reduce the size and number of breast cancer cells by up to 75%. Carrots benefit prostate cancer - Researchers found that carrots can also be beneficial to our health, studies Studies have shown that eating carrots reduces the risk of some types of cancer. An analysis of five studies found that eating carrots could reduce the risk of colon cancer by up to 26%. Apart from this, the risk of developing prostate cancer is also reduced by 18 percent in people who consume carrots. Anticancer effect of cinnamon - Cinnamon has been found to have many health benefits in studies. Its consumption can provide special benefits in reducing blood sugar and inflammation in the body. Test-tube studies have found that cinnamon may also help stop the spread of cancer cells. Researchers found that cinnamon extract can prevent cancer cells from growing. Use olive oil - Olive oil has been considered by researchers as the most beneficial edible oil for heart health, but did you know that it can also reduce the risk of cancer. can be reduced. Studies have shown that olive oil may also have beneficial effects in protecting you from the risks of colorectal cancer. A review of studies found that people who consume olive oil have a lower risk of breast cancer and cancers of the digestive tract.

# Partner is very emotional, so handle the relationship in these four ways

If there is love in any relationship, then it can be maintained well. To maintain a relationship, along with love, there should also be understanding, trust and the ability to keep trying. It is possible that both of you love each other but if you do not understand each other then there can be a problem. Partners have to understand each other as well as trust and continue their efforts to maintain the relationship. Partners are more emotional in many relationships. In such a situation, their sentimentality forces the partner to do anything after thinking. The partner does not know on what his partner gets angry, so the entire responsibility of handling his feelings and handling the relationship falls on one. But in some easy ways, you can handle your more emotional partner and maintain the relationship. Understand partner's behavior and feelings- To solve any problem, it needs to be understood about it. The same happens in relationships as well. If your partner is emotional then try to understand their feelings. How do they react to your behaviour? On what things can the partner be emotional? Sit comfortably and try to understand these things. Instead of getting irritated on their emotionality, behave softly. Keep control on anger- Often people start getting irritated on the behavior of emotional partner. Starts shouting when the partner cries. You may not like them crying or being emotional but shouting or getting angry will not work to calm them down. Crying when emotional can be a tendency of their behavior, which they cannot stop even if they want to, but you can handle them instead of getting angry. If you sit and explain with love and comfort, then he will also be able to control his emotions. Listen to the partner's words - If an emotional person is saying something to you, then listen and understand them. Give importance to their words. It is possible that in his sentimentality he will tell you many things buried in his mind and you will come to know the reason for his displeasure. That's why listen to the partner's words. Bad things will improve with love- Love plays the most important role in a relationship. Whether your partner is emotional or angry, if you treat them with love, they will also become weak in front of your love. If the partner cries on every issue, then take care of his/her likes or dislikes. You can try to keep them happy with small things.



# Ignoring these things during pregnancy can be dangerous for you as well as the baby.

Pregnancy Precautions To enjoy a healthy and happy pregnancy time, you should take care of many things. In which only eating healthy, taking rest and doing some physical activities is not enough, but it also includes other things. Let us know about them because they are related to the health of the child along with the mother. During pregnancy, elders advise to take various precautions. Whose aim is to keep healthy and safe of the child who is with the mother. Many things have to be taken care of like food, little physical activities throughout the day, rest, but apart from these there are other things that you need to pay attention to during this time. Any kind of carelessness can be dangerous for your child as well. Distance from pets- Many women have a lot of love for dogs and cats, but it is right to keep some distance from them during pregnancy. If there are pets in the house, then keep them clean, but do not get involved in cleaning them yourself. Keep cleaning the area where you mostly sit or sleep, especially if you have cats in the house, because the parasites spread by cat feces are very dangerous. Sometimes it may lead to miscarriage or stillbirth or the child may be born with many diseases. Distance from smoking- Don't smoke during pregnancy at all, it can also lead to miscarriage or premature delivery. Avoid smoking yourself, as well as stay away from cigarette smokers as much as possible. Both the situations are harmful for the pregnant woman and the child. Distance from alcohol- Consumption of alcohol is also very dangerous for the child. Pregnant women should also completely avoid the consumption of alcohol. Because it can have an effect on the child's nervous system. The child may suffer from mental retardation and genetic diseases. Consuming alcohol can cause fetal alcohol syndrome in the unborn baby. Apart from this, the child's lip may be cleft at birth. Problems related to heart or eyes can be seen in the child. Don't even take any kind of drugs. Medicines should also not be taken during pregnancy without consulting a doctor. Stay away from strong smelling things- Thinner, paint cleaner kept in the house should also be kept away during pregnancy. Due to their strong smell, complications can arise in pregnancy. The first three months are the most important, so if you feel any kind of discomfort during this period, consult a doctor immediately. Negligence in this can cause problems to the child. Doing any treatment on your own without the advice of a doctor during pregnancy can be heavy on you and your unborn child.



